उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7


# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, सोमवार, 27 जुलाई 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 2

देश

## मथुरा में कथित मांस से भरा बैग मिलने से हड़कंपस्थानीय लोगों ने संदिग्ध को पकड़ने का किया प्रयास, बैग छोड़कर फरार; पुलिस जांच में जुटी।


निवेदन है कि मैं चन्द्रशेखर [illegible] निवासी
जयसिंहपुरा [illegible] जिला मथुरा का रहने वाला हूँ।
आज दिनांक -26-07-26 को समय दोपहर करीब
1:45 मिनट पर एक सूचना मिली की एक व्यक्ति
बैग के द्वारा घर-घर जाकर मांस की बिक्री
कर रहा है तब भी जयसिंहपुरा प्रतिबन्धित क्षेत्र है।
जब हमने उसको देखा तो वह व्यक्ति मांस से भरा
हुआ बैग को छोड़ कर भागा गया। तभी हमने तत्काल
से 112 पर कॉल करी और पुलिस प्रशासन को सूचना

संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी मथुरा। थाना गोविंद नगर क्षेत्र की जयसिंहपुरा स्थित गणेश धाम कॉलोनी में रविवार को कथित मांस से भरा बैग मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह कथित मांस से भरा बैग छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में थाना गोविंद नगर पुलिस ने बरामद बैग को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।सूत्रों के अनुसार, सद्दाम पुत्र अकील नामक व्यक्ति के कथित रूप से मांस की सप्लाई करने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि वह मौके से भाग निकला और अपने साथ लाया गया कथित मांस से भरा बैग वहीं छोड़ गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए थाना गोविंद नगर पुलिस को तहरीर भी सौंपी है।पुलिस का कहना है कि बरामद बैग में मौजूद सामग्री की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल फरार संदिग्ध की तलाश की जा रही है।

### एक नज़र में

बृज उदय प्रेरणा कैंटीन योजना की महिलाओं ने सीखा सफल कैंटीन संचालन का हुनर, विभिन्न रेस्टोरेंटों का किया भ्रमण।
एग्रीकल्चर सेक्टर के निजी कर्मचारियों के लिए वरदान बन रही है – ऐवा एग्रीकल्चर एम्प्लोयी एसोसिएशन।
श्री हित आरोग्य शिविर सेवा, स्वास्थ्य एवं करुणा का एक सार्थक प्रयास।
अनूपशहर में मन की बात कार्यक्रम, मोदी के पेड़ लगाने के संदेश पर जोर।
मथुरा पुलिस की सराहनीय कार्यवाही: 2 घंटे में 5.70 लाख रुपये की ज्वैलरी से भरा पर्स बरामद।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## बृज उदय प्रेरणा कैंटीन योजना की महिलाओं ने सीखा सफल कैंटीन संचालन का हुनर, विभिन्न रेस्टोरेंटों का किया भ्रमण।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डॉ. पूजा गुप्ता के निर्देशानुसार बृज उदय प्रेरणा कैंटीन योजना के अंतर्गत केनरा बैंक आरसेटी (RSETI) मथुरा द्वारा संचालित 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शनिवार को मथुरा के विभिन्न प्रतिष्ठित रेस्टोरेंटों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान करीब 30 महिलाओं ने समोसा, कचौड़ी, ढोकला, डोसा, छोले-भटूरे, घेवर सहित विभिन्न व्यंजनों को बनाने की तकनीक, गुणवत्ता, प्रस्तुतीकरण एवं ग्राहक सेवा की बारीकियों को नजदीक से समझा। साथ ही महिलाओं ने फास्ट फूड एवं अन्य खाद्य पदार्थों के बाजार सर्वेक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त कीं, जो भविष्य में कैंटीन संचालन के दौरान उनके लिए उपयोगी सिद्ध होंगी।

देश

## एग्रीकल्चर सेक्टर के निजी कर्मचारियों के लिए वरदान बन रही है – ऐवा एग्रीकल्चर एम्प्लोयी एसोसिएशन।




अयोध्या। कृषि क्षेत्र की निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के हितों के लिए समर्पित एग्रीकल्चर एम्प्लोयी वेलफेयर एसोसिएशन (ऐवा) आज हजारों कर्मचारियों के लिए आशा, सहयोग और सुरक्षा का मजबूत आधार बन चुकी है। बीमारी, दुर्घटना अथवा किसी भी आकस्मिक संकट की स्थिति में यह संस्था अपने साथियों के साथ मजबूती से खड़ी रहती है तथा समय पर आर्थिक एवं नैतिक सहयोग प्रदान कर उन्हें संबल देती है।*इसी क्रम में मऊ निवासी श्री नीरज ओझा, जो नुजीवीडू सीड्स. में एम.डी.ओ. के पद पर बलिया (रसड़ा) क्षेत्र* में कार्यरत हैं, लगभग दस दिन पूर्व अचानक पेट की एक नस फट जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए।

देश

## श्री हित आरोग्य शिविर सेवा, स्वास्थ्य एवं करुणा का एक सार्थक प्रयास।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा जय जय श्री हित सुकृत लाल गोस्वामी जी की पावन प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से श्री हित राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट द्वारा आज ग्राम नगला जटवारी, पोस्ट शेरगढ़, तहसील छाता, जनपद मथुरा, उत्तर प्रदेश में "श्री हित आरोग्य शिविर" का सफल आयोजन किया गया।ब्रजभूमि के ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस सेवा शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद ब्रजवासियों तक स्वास्थ्य सेवाओं को सहज रूप से पहुँचाना रहा। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में लगभग 120 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया गया।

देश

## अनूपशहर में मन की बात कार्यक्रम, मोदी के पेड़ लगाने के संदेश पर जोर।



अनूपशहर। अनूपशहर विधानसभा के सिरौरा शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 384 पर मन की बात कार्यक्रम में जिला मंत्री दामिनी गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।जिसमें आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक_पेड़_मां_के_नाम पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया। मोदी जी ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की ।

## मथुरा पुलिस की सराहनीय कार्यवाही: 2 घंटे में 5.70 लाख रुपये की ज्वैलरी से भरा पर्स बरामद।




मथुरा। थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर करीब 5.70 लाख रुपये मूल्य की ज्वैलरी से भरा पर्स बरामद कर उसके मालिक को सकुशल सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस तत्परता की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को औरंगाबाद (थाना सदर बाजार) निवासी एक व्यक्ति तनिष्क ज्वैलर्स से सोने के आभूषण खरीदने के लिए मथुरा आए थे। कार में बैठते समय उनका ज्वैलरी से भरा पर्स कहीं गिर गया।

देश

## राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जुलाई तक बढ़ी।




अलीगढ़। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने शैक्षिक सत्र 2026-27 में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में विभिन्न महाविद्यालयों व छात्रों के अनुरोध पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पूर्व में 25 जुलाई 2026 तक निर्धारित पंजीकरण अवधि को अभ्यर्थियों की सुविधा तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों के दृष्टिगत अब 30 जुलाई 2026 तक विस्तारित किया गया है।

व्यापार

## Opinion | भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: क्या पांच सौ अरब डॉलर के लक्ष्य की कीमत भारतीय किसान चुकाएंगे?




पीएस वोहरा अपने इस लेख में बता रहे हैं कि तीन कृषि कानूनों को लेकर आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया था कि कृषि से जुड़े निर्णय किसानों का विश्वास जीतकर ही सफल हो सकते हैं। सरकार का पहला दायित्व है कि वह पूर्ण पारदर्शिता अपनाए, किसानों को विश्वास में ले और यह स्पष्ट करे कि भारतीय कृषि हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। देश का किसान एक बार फिर चिंता में है।

मनोरंजन

## तीसरे दिन Jana Nayagan पर हुई शनि कृपा, विजय की फिल्म पर जमकर बरसे करारे नोट.



विजय की फिल्म 'जना नायकन' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन दिनों में शानदार कमाई की है। जानिए कितना रहा तीसरे दिन का कलेक्शन? एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय (Vijay) की आखिरी फिल्म 'जना नायकन' (Jana Nayagan) 23 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म पहले जनवरी में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे टाल दिया गया था। अब ये बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। कितना रहा तीसरे दिन का कलेक्शन?